संख्या–cm-441
08/10/2022

लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की पुण्य तिथि पर चरखा समिति जाकर मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी एवं जयप्रभा जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 08 अक्टूबर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की पुण्य तिथि के अवसर पर चरखा समिति (प्रभा–जयप्रकाश स्मृति संग्रहालय) कदमकुआं जाकर लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की धर्मपत्नी जयप्रभा जी के चित्र पर भी पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने चरखा समिति में लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के शयनकक्ष, सभाकक्ष, प्रभावती स्मृति कक्ष सहित पूरे परिसर का मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने विजिटर बुक में भी अपना संदेश दर्ज कराया।

चरखा समिति के भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन उत्पादन सह प्रशिक्षण केंद्र भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि तीन मंजिले इस भवन की कुल लागत 6.72 करोड़ रूपये है। मुख्यमंत्री ने इस भवन के निर्माण कार्य को मार्च 2023 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस भवन में खादी ग्रामोद्योग से जुड़े प्रशिक्षण की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा संपर्क पथ की समुचित मरम्मत के लिए पथ निर्माण विभाग एवं पटना नगर निगम को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया। उन्होंने भवन के पिछले छोर पर राजेंद्र नगर रोड नंबर–1 से जुड़ने वाले मार्ग एवं भवन की चहारदीवारी की मरम्मति के लिये संबंधित विभाग को निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने भवन के बगल की गली का नामाकरण लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की पत्नी स्व0 प्रभावती देवी के नाम पर करने की घोषणा की। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने आसपास के लोगों से इस धरोहर का सम्मान बनाये रखने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री चन्द्रशेखर, महिला चरखा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारा सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव श्री संदीप पौंड्रिक, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******